फैक्स

संख्या :2448 / 1–10–2011–33(221) / 2011

प्रेषक,

के0के0 सिन्हा,
प्रमुख सचिव एवं राहत आयुक्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
दीनदयाल उपाध्याय,
राज्य ग्राम्य विकास संस्थान,
बक्शी का तालाब, लखनऊ।

राजस्व अनुभाग–10 लखनऊ : दिनॉक 25 अगस्त, 2011

विषय वित्तीय वर्ष 2011–12 में आपदा प्रबंध प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन हेतु धनावंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–426 / 64 आ0प्र0प्रशि0 / 201–12, दिनांक 4.8.2011 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय शासनादेश संख्या–1932 / 1–10–2011–रा0–10, दिनांक 07.07.2011 को निरस्त करते हुए वित्तीय वर्ष 2011–12 में आपदा प्रबंध प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन हेतु रू0 10,00,000 / –(रूपये दस लाख मात्र) की स्वीकृति सहर्ष प्रदान करते हैं।

2. उक्त स्वीकृति के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 के आय–व्ययक के अनुदान संख्या–51 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "2245–प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत–आयोजनेत्तर–05–आपदा राहत निधि–800–अन्य व्यय–03–आपदा राहत निधि से व्यय–42–अन्य व्यय" के नामे डाला जायेगा।

3. इस धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका एवं अन्य सुसंगत नियमों / शासकीय निर्देशों के अधीन ही किया जायेगा। इस धनराशि का उपयोग अन्य किसी भी विभागीय कार्य हेतु कदापि न किया जाय। महानिदेशक, दीनदयाल उपाध्याय, राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बक्शी का तालाब, लखनऊ यह भी सुनिश्चित करेगें कि उपरोक्त कार्य विशेष के लिए किसी अन्य योजना अथवा निधि से धनराशि संबंधित संस्था को न प्राप्त हुई हो। आपदा राहत निधि से स्वीकृति धनराशि का उपयोग केवल उल्लिखित कार्यों हेतु ही किया जाय।

4. शासन द्वारा स्वीकृत धनराशि में से यदि बचत संभव हो तो उसे दिनांक 31 मार्च, 2012 से पूर्व आपदा राहत निधि के नाम से बने बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से शासन को अनिवार्य रूप से समर्पित कर दिया जाय।

5— उक्त धनराशि का उपभोग प्रमाण–पत्र वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड–5 भाग–1 के प्रस्तर–369 एच के अधीन निर्धारित प्रारूप संख्या–42 आई में शासन को तुरन्त उपलब्ध कराया जाय।

6— व्यय की धनराशि का महालेखाकार कार्यालय में सही मदों में पुस्तांकन कराया जाय और प्रत्येक माह में महालेखाकर कार्यालय से आंकड़े समाधानित एवं सत्यापित कराकर शासन को सूचित किया जाय।

भवदीय,

( के0के0 सिन्हा )
प्रमुख सचिव एवं राहत आयुक्त।

संख्या :2448(1)/1–10–2011–33(221)/2011, तद्दिनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1–महालेखाकार–प्रथम/आडिट प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2–मण्डलायुक्त, लखनऊ।
3–प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
4–वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया इसे राहत की वेबसाइट http//rahat.up.nic.in पर अपलोड कराना सुनिश्चित करे।
5–वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी, कार्यालय राहत आयुक्त ।
6–मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
7--वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–5 ।
8–समीक्षा अधिकारी (लेखा) राजस्व अनुभाग–10/राजस्व अनुभाग–6/11 राहत वेबसाइट के उपयोगार्थ।
9–गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

( राजेन्द्र प्रसाद )
अनु सचिव।

71 Awantan Yadav Ji